SNBP International & Senior Secondary School, Chikhali, Pune.
Affiliation No. 1130703
Academic session 2023-24
Class Notes

CLASS: 3 SUBJECT: हिंदी
Prepared By: Salma (Date:) LESSON- 13 एना की किताब

प्रश्न-१) शब्दार्थ और श्रुतलेख प्रतिभा पाठ्यपुस्तक से लिखिए।

प्रश्न-२) दिए गए शब्दों के अर्थ लिखकर वाक्यों में प्रयोग कीजिए-

क) डलिया - टोकरी
वाक्य - डलिया में सामान रखा जाता है।

ख) लाइब्रेरी – पुस्तकालय
वाक्य – हम लाइब्रेरी में किताबें पढ़ने के लिए जाते हैं।

ग) पोस्ट-ऑफिस - डाकखाना, डाकघर
वाक्य – डाकिया पत्रों को पोस्ट-ऑफिस में ले जाता है।

प्रश्न-३) खाली स्थान भरिए-

क) एना की मम्मी किराने की दुकान पर सामान लेने गई।
ख) एना ने अपने बालों में लाल रंग का नया रिबन बाँध लिया।
ग) एना की मम्मी ने सामान लाने के लिए डलिया ली।

प्रश्न-४) दिए गए प्रश्नों के उत्तर एक वाक्य में लिखिए -

क) एना किस दिन मम्मी के साथ लाइब्रेरी जाती थी?

उत्तर- एना शनिवार के दिन मम्मी के साथ लाइब्रेरी जाती थी।

ख) शुरू में मम्मी ने किताब पढ़ने में किसकी मदद की?

उत्तर-शुरू में मम्मी ने किताब पढ़ने में एना की मदद की।

प्रश्न-५) दिए गए प्रश्नों के उत्तर दो-तीन वाक्यों में लिखिए-

क) मम्मी ने किताब में छापी गई तारीख के बारे में एना को क्या बताया?

उत्तर- मम्मी ने किताब में छापी गई तारीख के बारे में एना को बताया कि अब तुम छपी हुई तारीख तक यह किताब रख सकती हो।

ख)मम्मी एना को कहाँ ले गई और एना ने वहाँ क्या देखा?

उत्तर-मम्मी एना को लाइब्रेरी ले गई और एना ने वहाँ बहुत सारी किताबें देखी।

व्याकरण- विराम चिह्न

परिभाषा- पढ़ते या लिखते समय वाक्य में रुकने के लिए लगाए गए चिह्नों को विराम चिह्न कहते हैं।

विराम चिह्न के प्रकार-

क) पूर्ण-विराम चिह्न - ।

ख) अल्पविराम चिह्न - ,

ग) प्रश्नवाचक चिह्न - ?

घ) विस्मयादिबोधक चिह्न - !